Title: Regarding investigation into alleged illegal mining irregularities in the implementation of the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana and seeking information on Aanganwadi Kendras in Bharatpur Parliamentary Constituency

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): मेरे द्वारा संसदीय क्षेत्र भरतपुर में आंगनवाडी केन्द्रों की सूचना, अवैद्य खनन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शिलान्यास व गुणवत्ता की जांच हेतु पत्र के द्वारा अनेक बार संबन्धित विभाग से निवेदन किया गया है । लेकिन मेरे द्वारा उठाए गए कार्यों में रूचि नहीं ली गई है । चाहे कामां में बनी कोई प्रधानमंत्री ग्राम सडक की सडक हो अथवा अवैद्य खनन की शिकायत हो और चाहे पहाडी के ग्राम नांगल में अवैद्य खनन की कोई शिकायत हो । मेरे द्वारा सभी विषयों पर 2-2 बार पत्र लिखे जा चुके हैं परन्तु उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है । चाहे मेरे संसदीय क्षेत्र के अधिकारों की कोई शिकायत हो या मेरी अन्य शिकायत हो । अतः केंद्र सरकार से निवेदन है कि उपरोक्त विषयों की जांच करवाते हुए जो सूचना मैने मांगी है वो उपलब्ध करवाकर मेरे संसदीय अधिकारों की रक्षा करवाने की कृपा करें ।